# बेकाबू डेंगू : रतलाम-मंदसौर में मिला खतरनाक डेन-2 स्ट्रेन

भास्कर न्यूज़ नेटवर्क | इंदौर/भोपाल

प्रदेश में रोजाना डेंगू के नए मरीज सामने आ रहे हैं, वहीं चिनकगुनिया भी तेजी से फैल रहा है। डेंगू तो एक तरह से बेकाबू हो चला है। प्रदेश के लगभग हर जिले व ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू के मरीज लगातार मिल रहे हैं।

तेजी से बढ़ते डेंगू संक्रमण को देखते हुए अब स्वास्थ्य विभाग डेंगू वायरस के स्ट्रेन की जांच के लिए प्रदेश के सात शहरों से सैंपल जांच के लिए जबलपुर की एनआईवी लैब भेजेगा। विभाग ने इसके लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। उम्मीद जताई गई है कि 10 अक्टूबर से पहले ये सैंपल भेजे जाएंगे। इससे पहले रतलाम, मंदसौर और जबलपुर के कुछ सैंपल की जांच कराई जा चुकी है। इनमें डेन-2 स्ट्रेन पाया गया है। वैसे तो ये स्ट्रेन खतरनाक की श्रेणी में आता है, लेकिन राजधानी समेत मध्यप्रदेश के अन्य शहरों में बीते सालों में यह स्ट्रेन पाया गया है। डेंगू खार के 4 प्रकार होते हैं डेन-1, डेन-2, डेन-3 और डेन-4। इनमें से डेन-2 खतरनाक माना जाता है। ये बाकी तीन के मुकाबले तेजी से बीमार करता है और जानलेवा भी हो सकता है।

**मरीजों की स्थिति**

| जिला | मरीज | बच्चे |
|---|---|---|
| मंदसौर | 1101 | 200 |
| रतलाम | 384 | 110 |
| नीमच | 273 | 50 |
| उज्जैन | 382 | 00 |
| नागदा | 46 | 00 |
| खंडवा | 49 | 11 |
| खरगोन | 65 | 04 |
| बुरहानपुर | 36 | 05 |

शेष | पेज 5 पर

**पेज एक का शेष**

## बेकाबू डेंगू : रतलाम..

इससे पीड़ित मरीज को डेंगू शॉक सिंड्रोम की आशंका भी रहती है।

**पुराने कंट्रोल सैंपल ही भेजे जाएंगे** : बताया गया है स्ट्रेन की जांच के लिए अलग से सैंपल लेने की जरूरत नहीं होती है। पिछले दिनों में लिए गए कंट्रोल सैंपल से ही रैंडम 20 सैंपल लेकर एनआईवी जबलपुर भेजे जाएंगे। उन्हीं की जांच से पता चलेगा कि किस शहर में डेंगू का कौन सा स्ट्रेन सक्रिय है।

**चिकनगुनिया के मरीज भी बढ़ रहे हैं-** प्रदेश में अभी तक शहरी इलाके ही डेंगू से प्रभावित थे, लेकिन अब ग्रामीण इलाकों में भी इसके मरीज बढ़ने लगे हैं। राजधानी भोपाल में अभी तक डेंगू के 385 मरीज सामने आ चुके हैं, वहीं चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या बढ़कर 78 पहुंच गई है। इसी तरह इंदौर शहर में अब तक डेंगू के 466 केस पॉजिटिव आ चुके हैं, यहां डेंगू की जांच महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज में की जा रही है। 2 अक्टूबर को छुट्टी के कारण किसी तरह की जांच नहीं हो पाई।

**धार-देवास-झाबुआ जिले की स्थिति भी ठीक नहीं-** झाबुआ में 37 मरीज मिले। धार में सरकारी आंकड़े में तो 40 बच्चों सहित 98 ही डेंगू के मरीज दिखाए गए, लेकिन प्राइवेट के आंकड़े 450 की संख्या दिखा रहे हैं। इनमें से 10 मरीजों की डेंगू से मौत हो चुकी है। देवास में 300 मरीज प्रभावित पाए गए, लेकिन सरकारी आंकड़े में 22 बच्चों सहित कुल 80 डेंगू के मरीज बताए जा रहे हैं।

*'जिन शहरों में मरीज ज्यादा थे उनके सैंपल की जांच कराई थी, उनमें डेन-2 स्ट्रेन ही मिला है। भोपाल समेत 7 और शहरों के सैंपल एक सप्ताह में भेजे जाने हैं।'*
**-डॉ. हिमांशु जायसवार,**
उपसंचालक, स्वास्थ्य संचालनालय

भास्कर

# डेंगू : 3 और नए पॉजिटिव, अब तक 387 मरीज मिले

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को 12 लोगों की जांच की है, इसमें से 3 लोगों की रिपोर्ट एलाइजा टेस्ट में पॉजिटिव मिली है। इसके साथ अब तक 387 लोग डेंगू का शिकार हो चुके हैं।

इस साल हमारे जिले में डेंगू लगातार नया रिकॉर्ड बना रहा है। पहले 2018 में डेंगू की हालात खराब थी, उस दौरान 242 लोग पॉजिटिव मिले थे। इस साल आंकड़ा कहीं ज्यादा है। पिछले साल अब तक शहर में सिर्फ 7 मरीज डेंगू के आए थे। हालांकि, अक्टूबर-नवंबर से मरीज बढ़ना शुरू हुए थे। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों से बचाव करें। भास्कर

दै. भास्कर 3/10/21

# अनुमति बगैर बना दी कॉलोनी, प्रशासन ने तोड़े निर्माण

## सख्ती : शहर और नामली में प्रशासन की कार्रवाई, एफआइआर भी होगी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। टीएनसीपी, नगर निगम से अनुमति लिए बगैर शहर में अवैध कॉलोनी काटने व कृषि भूमि में प्लाटिंग करने को लेकर अब प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को राजस्व व नगर निगम अमले ने पुलिस बल के साथ शहर में बजरंग नगर, ऊंकाला रोड, अर्जुन नगर क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई कर निर्माण तोड़े।

प्रशासन को अवैध प्लाटिंग, कृषि भूमि में कॉलोनी काटने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर एसडीएम अभिषेक गेहलोत, नायब तहसीलदार पूजा भाटी, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी, सीएसपी हेमंत चौहान व कार्यपालन यंत्री सुरेश चन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, श्यामकुमार सोनी सहित अन्य अमला अर्जुन नगर, ऊंकाला रोड, दिलीप नगर में मौके पर पहुंचा और कार्रवाई की।

> अवैध कॉलोनी निर्माण करने पर संबंधित पर एफआइआर दर्ज कराई जाएगी। अवैध निर्माण तोड़ने पर निगम द्वारा निर्धारित 15 हजार रुपये प्रति घंटे के मान से राशि वसूलेंगे। इसके लिए नोटिस जारी किए जा रहे है। मुहिम आगे भी जारी रहेगी।
>
> -सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त



ऊंकाला रोड पर अवैध कालोनी मे निर्माण तोड़ता नगर निगम का अमला। • नईदुनिया

### शहर में तीन स्थानों पर कार्रवाई

1 ऊंकाला रोड पर : तेजसिंह पुत्र शंभुसिंह धबाई निवासी धबाईजी का वास के सर्वे क्रमांक 1009-1 रकबा 4.260 हेक्टर में से ऊंकाला रोड तरफ की भूमि पर निरीक्षण के दौरान अवैध कालोनी और करीब 2 किमी की सीमेंट-कांक्रीट रोड बनी मिली। रोड के सहारे भूमि को भूखंडों के रुप में विभाजित कर सीमेंट-कंक्रीट के पोल लगाए गए थे। कुछ भूखंडों पर पुराने मकान तथा एक भवन निर्माणाधीन मिला। अवैध कालोनी निर्माण होना पाए जाने पर जेसीबी की सहायता से यहां से अतिक्रमण हटाया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकार्डिंग कर पंचनामा भी बनाया गया है।

2 अर्जुन नगर क्षेत्र : यहां फिरोज टीनवाला पुत्र मोहम्मद हुसैन ने सर्वे नम्बर 135-2 रकबा 0.300 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कालोनी निर्माण कर एक किमी की गिट्टी-मुरम की सड़क एवं आरसीसी चैंबर आदि का भी निर्माण कर लिया। यहां भी सभी अवैध निर्माण तोड़े गए।

3 दिलीप नगर क्षेत्र : दिलीप नगर निवासी कमला पुत्र समरथमल चौपड़ा ने भी भूमि पर अवैध कालोनी का निर्माण में सड़क सहित अन्य निर्माण कार्य शुरु कर दिए थे। यहां दोपहर से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई शुरू की।

### नामली में फोरलेन समीप निर्माणाधीन कालोनियों पर कार्रवाई



नामली मे कॉलोनी मे कार्रवाई के दौरान मौजूद अधिकारी व नगरवासी। • नईदुनिया

**कार्रवाई**

- तीन जेसीबी से पल्दुना रोड स्थित कॉलोनी की बाउंड्रीवाल तोड़ी
- स्टे देखते ही अधिकारियों का दल मौके से रवाना हो गया

नामली। प्रशासनिक अमले ने शनिवार सुबह नगर के फोरलेन स्थित निर्माणाधीन कॉलोनियों पर कार्रवाई की। सर्वप्रथम तीन जेसीबी की मदद से पल्दुना रोड स्थित कॉलोनी की बाउंड्रीवाल तोड़ी गई। कार्रवाई की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग, जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का विरोध कर प्रशासनिक अधिकारियों को न्यायालय के स्टे आदेश के बारे में जानकारी देने लगे। इस पर अधिकारियों के दल ने न्यायालय के आदेश को देख कार्रवाई रोकी, लेकिन तब तक कॉलोनी में काफी तोड़फोड़ हो चुकी थी। स्टे देखते ही अधिकारियों का दल मौके से रवाना हो गया। पूर्व में जारी नोटिस को लेकर मुकेश पुत्र परमानंद कुमावत व कौशल्याबाई कुमावत को कालोनी संबंधित न्यायालय से स्टे पहले ही मिल गया था। कार्रवाई के दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, तहसीलदार रमेश मसारे, तहसीलदार व प्रभारी सीएमओ अनिता चाकोटिया, नायब तहसीलदार रूपाली जैन, सीएसपी हेमंत चौहान, बिलपांक व नामली थाने के जवान, आरआइ, पटवारी सहित नगर परिषद कर्मचारी मौजूद रहे। नगर परिषद सीएमओ अनिता चाकोटिया ने बताया कि थाने पर आवेदन देकर अवैध कालोनीवासियों पर एफआइआर दर्ज करवाई जाएगी।

नई.

नईदुनिया/ 3/10/21

## प्रदेश में पहली बार टाइटलिंग एक्ट

# जमीन की खरीद में धोखाधड़ी पर सरकार लौटाएगी पैसा, प्रॉपर्टी की गारंटी भी लेगी

**बड़ी राहत...** मप्र में भूमि-टाइटल एक्ट-2021 लाने की तैयारी, अभी आंध्रप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र में लागू

**इसलिए जरूरी...** प्रदेश के हर जिले में रोजाना जमीन विवाद से जुड़ी 50 शिकायतें कोर्ट तक पहुंचती हैं

अनिल गुप्ता | भोपाल

जमीनों की खरीद-बिक्री में होने वाली धोखाधड़ी को खत्म करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार अब नया एक्ट लाने जा रही है। इसे भूमि का टाइटलिंग एक्ट 2021 कहा जाएगा। इसके लागू होने के बाद यदि जमीन की खरीद- फरोख्त में धोखाधड़ी की जाती है तो सरकार पीड़ित पक्ष को जमीन की पूरी रकम लौटाएगी। इस एक्ट में एक बड़ी राहत यह भी होगी कि जमीन की बिक्री के साथ ही नामांतरण हो जाएगा। टाइटलिंग एक्ट के दायरे में आने के बाद प्रॉपर्टी की गारंटी भी सरकार लेगी। एक्ट का ड्राफ्ट तैयार हो गया है। विधि विभाग के परीक्षण के बाद इसे कैबिनेट में ले जाया जाएगा। राज्य सरकार इसे विधानसभा से पारित कराने की भी तैयारी कर रही है। फिलहाल नगरीय विकास विभाग और पंजीयन विभाग से अभिमत मांगा गया है। एक्ट आने के बाद लंबे चलने वाले जमीनों के विवादों का निपटारा हो जाएगा।

## भास्कर EXPLAINER वास्तविक मालिक को मिलेगा एक पत्र, ये निर्विवाद अधिकार देगा

**नया एक्ट कैसे सुनिश्चित करेगा, जमीन का वास्तविक मालिक कौन है?**

▪ टाइटल एक्ट लागू होने के बाद जिन जमीनों व खसरा नंबरों पर मालिक का नाम लिखा है, उन्हें एक पत्र दिया जाएगा। इससे पहले जमीन की स्थिति को स्थानीय स्तर पर राजस्व की टीम देखेगी। पत्र मिलने के बाद यदि वह व्यक्ति किसी दूसरे को जमीन बेचता है तो पहला टाइटल पत्र निरस्त कर नया जारी हो जाएगा। यानी रजिस्ट्री के समय पुराने तमाम मालिकों की चेन रजिस्ट्री जमा करने की जरूरत नहीं होगी। इस पत्र की प्रामाणिकता ऐसी होगी कि खरीदार उसे देखते ही मान लेगा कि मालिक सही है।

**विवाद की स्थिति में पैसा वापस कैसे होगा?**

▪ दो लोगों के बीच जमीन का लेन-देन होता है और तीसरा व्यक्ति दावा करे कि जमीन उसकी है तो सिविल कोर्ट के फैसले के बाद टाइटल संबंधित व्यक्ति को मिलेगा। इसके बाद जिन दो लोगों में लेन-देन हुआ है, उसमें से पैसा देने वाले को पूरी रकम सरकार लौटाएगी। मसलन एक एकड़ जमीन का सौदा होता है और वह सीमांकन के दौरान 0.8 या 0.9 एकड़ निकलती है तो पड़ोस की जमीन का सर्वे होगा। यह सर्वे सही पाए जाने के बाद एक एकड़ जमीन खरीदने वाले व्यक्ति को 0.2 या 0.1 प्रतिशत जमीन का पैसा सरकार लौटाकर उसे टाइटल लेटर दे देगी।

**ऐसे विवाद सुलझाने की क्या प्रक्रिया है?**

▪ अभी जमीन से जुड़े विवाद में सिविल कोर्ट में केस लगता है। टाइटल पत्र के समय में भी विवाद की स्थिति में लोग सिविल कोर्ट जा सकेंगे, लेकिन जिसके पक्ष में भी निर्णय होगा, उसे टाइटल लेटर मिल जाएगा। इसके बाद उस जमीन पर आगे कोई विवाद नहीं होगा।

**प्रदेश में एक्ट को कैसे लागू किया जाएगा?**

▪ एक्ट चरणबद्ध तरीके से लागू होगा। पहले कोई एक जिला लिया जाएगा। इसके बाद विस्तार होगा। तहसीलदार को टाइटलिंग ऑफिसर अधिकृत किया जाएगा। जिस जिले में सर्वे शुरू होगा, उसमें दावा-आपत्ति का निराकरण तहसीलदार ही करेंगे। फाइल पब्लिकेशन के बाद भी तीन साल तक का वक्त रहेगा ताकि आपत्ति करने वाले को मौका मिले। प्रमुख राजस्व आयुक्त की अध्यक्षता में अथॉरिटी सेल बनेगी जो पूरे मप्र में इसे लागू कराएगी।

**अभी किन राज्यों में यह एक्ट लागू है?**

▪ आंध्रप्रदेश, राजस्थान व महाराष्ट्र में यह एक्ट लागू है। नीति आयोग के कहने पर राज्य टाइटलिंग एक्ट बना रहे हैं। (जैसा राजस्व विभाग के अफसरों ने बताया)

### एक्ट में 3 तरह से होगी प्रॉपर्टी की डिटेल

**क्लीन प्रॉपर्टी :** जिस पर कोई विवाद नहीं। जमीन वास्तविक मालिक की है।

**विवादित भूमि :** जिस जमीन पर मालिकाना हक को लेकर विवाद है। झगड़े हैं तो उनके नाम के साथ पूरी जानकारी होगी।

**कर्जदार प्रॉपर्टी :** ऐसी जमीन या प्रॉपर्टी जिस पर लोन है या उस पर कोई कर्ज है। उसकी डिटेल होगी।

दे. भास्कर 3/10/21

# वैक्सीनेशन में हम देश में सबसे आगे, सबसे ज्यादा


## आगे... क्योंकि तय आबादी को पहला डोज लगाने में टॉप पर, 88% पूरा

## ज्यादा... क्योंकि सबसे ज्यादा गर्भवती को पहला डोज दिया, 2.73 लाख लगाए

अजय वर्मा | भोपाल

कोरोना वैक्सीनेशन के मामले में मध्यप्रदेश ने नंबर वन के दो रिकॉर्ड और बना लिए हैं। यहां वैक्सीनेशन के लिए तय आबादी 5.49 में से 4.83 करोड़ यानी 88% को और 2.73 लाख से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को पहला टीका लगा दिया गया है। ये दोनों ही आंकड़े हासिल करने वाला मध्यप्रदेश देश का इकलौता राज्य बन गया है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि शनिवार शाम चार बजे तक प्रदेश में 4 करोड़ 54 हजार 619 का टीकाकरण किया जा चुका है जबकि दूसरे डोज के तौर पर अब तक 1 करोड़ 52 लाख 99 हजार 462 का टीकाकरण हो चुका है। यानी इस मामले में मप्र देश में दूसरे नंबर पर है। अब सिर्फ 63 लाख 45 हजार 381 लोगों का वैक्सीनेशन होना बाकी है।

### टॉप-5 राज्य... जहां सबसे ज्यादा गर्भवतियों को टीके लगे, मप्र में अब 3.04 लाख से ज्यादा




इन राज्यों में अब तक 11 लाख 93 हजार 608 गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जा चुके हैं। इनमें 11 लाख को फर्स्ट डोज लगा।

### टॉप-5 राज्य... जहां टीके टारगेट के सबसे पास

| 18+ आबादी | पहला डोज | डोज दूसरा |
|---|---|---|
| मध्यप्रदेश 5.49 करोड़ | 4.83 करोड़ 88% | 1.52 करोड़ 28% |
| गुजरात 4.89 करोड़ | 4.20 करोड़ 86% | 1.90 करोड़ 39% |
| कर्नाटक 4.89 करोड़ | 3.93 करोड़ 80% | 1.72 करोड़ 35% |
| राजस्थान 5.15 करोड़ | 4.04 करोड़ 78% | 1.56 करोड़ 30% |
| आंध्रप्रदेश 3.95 करोड़ | 2.74 करोड़ 69% | 1.37 करोड़ 35% |

दै. भास्कर 3/10/21

# पता नहीं कहां लगेगी वैक्सीन तो इन 4 केंद्रों पर पहुंच जाएं

### आज कहीं पर भी नहीं होगा टीकाकरण

**रतलाम** | यदि आपको पता नहीं चल पा रहा है कि वैक्सीन शहर में कहां लग रही है। तो आप अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, सागोद रोड काश्यप सभागृह और डीआरएम ऑफिस पहुंचकर पता कर सकते है। क्योंकि, अब तक 98% सत्र में ये केंद्र शामिल रहे हैं। अधिकारी इन केंद्रों पर वैक्सीन की व्यवस्था रखते हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल में प्रतिदिन वैक्सीनेशन हो रहा है।

जिले में पहला डोज लगवाने वालों का आंकड़ा अब अच्छा हो गया है। अब तक 2.33 लाख लोग वैक्सीन लगवा चुके है। मतदाता सूची के मान से 2.29 लाख लोगों का टारगेट लिया था। इसके अलावा 2.33 लाख लोगों में से 1.30 लाख लोगों ने अभी वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाया है। जोकि, 56% है।

कार्यक्रम **इस अवसर पर कोरोना योद्धाओं और सफाई कर्मचारियों को साड़ियां, पेंट-शर्ट के कपड़े वितरित किये गये**

# सफाई कर्मचारी एवं कोरोना योद्धाओं का सम्मान कर मनाई गांधी जयंती



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

महात्मा गांधी का जन्मदिन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मा.श्री रफत वारसी के निर्देशानुसार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा ने नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों तथा कोरोना योद्धाओं का सम्मान कर मनाया गया। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरूण राव ने बताया कि इस अवसर पर कोरोना योद्धाओं और सफाई कर्मचारीयों को साडीया, पेंट-शर्ट के कपड़े वितरित किये गये साथ ही उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हे मेडल भी प्रदान किये गये।

मोर्चे के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, जिला मंत्री श्रीमती सोना शर्मा, झुग्गी झोपडी प्रदेश सह-संयोजिका श्रीमती अनिता कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष करण धीर बडगोत्या, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक प्रभु सौलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता इनायत बाबा, सुरेखा दीदी, प्रो.इमरान हुसैन, वाजिद बॉबी, हमीद खान, इलियास अहमद कुरैशी, रियाज पासपोर्ट, इलियास मिनर्वा, इलियास बेलिम, मशरूफ शेरानी, असगर शेरानी, शेख वजीर वाजिद खान, रईस कुरैशी, इमरान खान, फैयाज भाई, युसूफ मेव एवं अजहर मंसूरी भी उपस्थित थे। शेरानी पुरा कब्रिस्तान मे पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी इब्राहीम शेरानी ने दिया कार्यक्रम का संचालन मोर्चा जिला महामंत्री मंसूर जमादार ने एवं आभार मोर्चे के मंडल उपाध्यक्ष मुबारिक शेरानी ने माना।

राज एक्सप्रेस 3/10/21

## पहले किया श्रमदान, फिर किया सम्मान



**रतलाम.** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने शनिवार को पहले श्रमदान किया व बाद स्वच्छता का कार्य करने वाले निगम कर्मचारियों का सम्मान किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा पार्टी जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा ने नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों तथा कोरोना योद्धाओं का सम्मान कर मनाया किया गया। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरूण राव ने बताया कि इस अवसर पर कोरोना योद्धाओं और सफाई कर्मचारीयों को साड़ियां पेंट-शर्ट के कपड़े वितरित किये गये। शेरानीपुरा कब्रिस्तान मे पौधारोपण भी किया गया। स्वागत भाषण मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहीम शेरानी ने दिया। संचालन मोर्चा जिला महामंत्री मंसूर जमादार ने एवं आभार मोर्चे के मंडल उपाध्यक्ष मुबारिक शेरानी ने माना।

# अमृत महोत्सव के तहत किया फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

रतलाम। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र रतलाम द्वारा अमृत महोत्सव के तहत फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन जिले स्तर पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जी लुनेरा व कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र के महानिदेशक प्रतिनिधि व भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलवंत भाटी ने की। विशेष अतिथि, भाजपा जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, प्रदीप उपाध्याय द्वारा हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री राजेन्द्र पाटीदार,सोना जी शर्मा, अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, कृष्णा सोनी, नंदकिशोर पंवार सहित 150 से %यादा युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग एनसीसी



एनएसएस युवक कल्याण एवं खेल विभाग का रहा। फ्रीडम रन कालिका माता प्रांगण से शुरू होकर पोलो ग्राउंड पर समाप्त हुई। २१७

राज एक्सप्रेस 3/10/21

**यह फर्क क्यों...** शहर की वीआईपी सड़कें ऐसी बनाईं कि मेंटेनेंस की जरूरत ही नहीं, मानसून में भी ये खराब नहीं हुईं, पर बाकी सड़कों को ऐसा ट्रीटमेंट क्यों नहीं मिला

# ऐसी हैं आम और खास की सड़कें...

## आम जनता गड्ढों में डामर की सड़क तलाशने को मजबूर, जिन पर शहर की जिम्मेदारी उनके घर के सामने सीसी रोड

**रतलाम** | दो दिन पहले खत्म हो चुका मानसून सीजन बारिश का कोटा पूरा करने के साथ शहर की सड़कों को गड्ढों से भर गया। इन्हें सुधारने में नाकाम रही एजेंसियां ठीक करने की कोशिश के बजाए अभी भी बारिश को दोष दे रही हैं। कुछ सड़कों की दशा तो इतनी बुरी है कि पैदल भी सलामत नहीं गुजर सकते। ज्यादा हैरानी तब हो रही है जब जिम्मेदार नेताओं और अफसरों के घर के सामने की सड़कों का नजारा देखते हैं, ये सड़कें इतनी चकाचक हैं कि इन पर एक भी गड्ढा नहीं मिला। नगर निगम सिटी इंजीनियर (पीडब्ल्यूडी) जीके जायसवाल कहते हैं सड़कों पर मुरम डालकर पेचवर्क किया जा रहा है। सड़कों के डामरीकरण के लिए टेंडर की प्रोसेस चल रही है। अभी बारिश भी पूरी तरह बंद नहीं हुई है। ऐसे में डामरीकरण भी नहीं हो पाएगा। बरसात के रूकने के बाद जल्द ही सड़कें ठीक होने लगेंगी। पढ़ें ये रिपोर्ट...



### जनता सड़क... 13 साल पुरानी सड़क पर 500 से ज्यादा गड्ढे

यह है आम जनता की सड़क। चौमुखी पुल से चांदनीचौक तक की 500 मीटर लंबी सड़क में 500 से ज्यादा गड्ढे हो रहे हैं। डामरीकरण 13 साल पहले तत्कालीन महापौर आशा मौर्य के कार्यकाल में हुआ था। एक-दो बार पेचवर्क हुआ। गनीमत है कि सराफा बाजार की इस मुख्य सड़क पर सीवरेज लाइन की खुदाई नहीं हुई वरना सड़क का अस्तित्व ही मिट जाता।

फोटो- चिंटू मेहता

एंटीजन जांच में मिले डेंगू के नए मरीज, 103 लोंगो को दी प्लेटलेट्स

# किट खत्म, दो दिन से नहीं हो रही एलाइजा जांच

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। किट के अभाव में दो दिन से जिला अस्पताल की लैब में डेंगू के लिए एलाइजा जांच नहीं हो रही है। मेडिकल कालेज में एलाइजा जांच शुरू कराई गई, लेकिन किट उपलब्ध नहीं होने से वहां भी तीन दिन से जांच बंद है। अब दोनो लैबों में जांच बंद होने पर एंटीजन किट से ही सभी तरह के डेंगू की जांच कर उपचार दिया जा रहा है। विडंबना है कि स्वास्थ्य विभाग एलाइजा जांच को ही डेंगू के लिए वैधानिक और सही मानता है, लेकिन जरूरत के अनुसार किट उपलब्ध नहीं है।

शनिवार को भी एंटीजन किट जांच में 40 से अधिक मामले मिले हैं, जिनका उपचार जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में शुरू हो गया है। मानव सेवा समिति ने शनिवार को भी 103 लोगों को प्लेटलेट्स दिए। दो महीने में दो हजार से अधिक लोग प्लेटलेट्स प्राप्त कर चुके हैं।

गत वर्ष इस समय हर दिन 10-15 लोग प्लेटलेट्स प्राप्त करते थे, इस साल यह आंकड़ा 70 पर पहुंच गया है। इससे डेंगू के फैलाव का अंदाजा लगाया जा सकता है। शनिवार को अवकाश के कारण शहर में सर्वे भी बंद रहा। एलाइजा टेस्ट में भी इस साल डेंगू का आंकड़ा 400 पार हो चुका है। नियमित एलाइजा जांच होती तो यह आकड़ा बहुत आगे होता, क्योंकि इनके पहले भी दो महीने में तीन बार एलाइजा जांच किट खत्म हो चुकी है।

**आरआइ ने स्वयं आकर दिया ब्लड**

डेंगू के प्रकोप के चलते पीड़ितों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए एसपी गौरव तिवारी की प्रेरणा से आरआइ केएस तंवर ने मानव सेवा समिति पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। वहीं एसपी ने यह भी कहा है कि आवश्यकतानुसार पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं जवान रक्तदान कर मानव सेवा समिति, शहर व जिले की जनता के साथ मिलकर डेंगू की बीमारी से लड़ने मदद करें। शनिवार को जब आरआई ब्लड देने आए तो उस मानव सेवा समिति अध्यक्ष मोहनलाल पाटीदार मुरलीवाला, पूर्व अध्यक्ष सुरेशचंद्र अग्रवाल, अनिल पीपाड़ा, विवेक बक्षी, प्रकाश नलवाया रवींद्र कुमार बख्शी आदि उपस्थित थे। आरआइ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

नईदुनिया 3/10/21

# कई मानसून गुजर गए, फिर भी सलामत हैं शहर की ये वीआईपी सड़कें

**वीआईपी रोड : 1** शहर सराय से न्यू रोड चौराहा

## पूर्व महापौर के घर के आस-पास गड्ढा खोजते रह जाएंगे



जनप्रतिनिधि



**सुनीता यार्दे**
नगर की प्रथम नागरिक रही हैं

जिम्मेदारी
**जनसुविधा का ख्याल रखना**

यह सड़क 2019 में 16 करोड़ की मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना में बनाई जा रही तीन सड़कों में से सबसे पहले बनाई थी। इसी रोड पर पूर्व महापौर सुनीता यार्दे का निवास है। फुटपाथ पर पेवर ब्लॉक लगे हैं। कई जगह छूटी साइडिंग में भराव कर सीसी ब्लॉक लगाए हैं। यही वजह है कि यहां ढूंढने से भी गड्ढा नजर नहीं आता।

**वीआईपी रोड : 2** दिलबहार चौराहा से स्टेशन जाने वाली रोड

## स्टेशन रोड विधायक आवास 8 साल पहले बन गई सीसी



जनप्रतिनिधि



**चेतन्य काश्यप**
शहर विधायक रतलाम

जिम्मेदारी
**शहर में विकास कार्य करवाना**

2012 के पहले तक यह सड़क डामर की थी। तत्कालीन महापौर शैलेंद्र डागा के कार्यकाल में अतिक्रमण हटवाकर कर सीमेंट कांक्रीट का बनवाया था। इस रोड पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप का निवास है। एक जगह क्रास ड्रेन है। कमी सिर्फ यह है कि सेंट्रल लाइटिंग का काम अब तक अधूरा है।

**वीआईपी रोड : 3** अलकापुरी में औद्योगिक थाने के पीछे की रोड

## सडक तो नई बनी ही दिन में दो बार हो रही है सफाई



जिम्मेदार अधिकारी



**सोमनाथ झारिया**
नगर निगम आयुक्त

जिम्मेदारी
**सड़कों का निर्माण ठीक से हो**

ये सड़क है निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया के घर के सामने वाली। 15 महीने पहले वे रहने आए हैं। पहले सड़क खराब थी, इंजीनियरों ने सीवरेज ठेकेदार को बोलकर सामने की सड़क के 60 से 80 मीटर हिस्से का डामरीकरण करवा दिया। रोशनी के लिए आसपास तीन-चार हैलोजन लगे हैं। दिन में रोज दो बार झाड़ू लगती है।

**वीआईपी रोड : 4** न्यू रोड चौराहा से रोटरी हॉल जाने वाली रोड

## सीसी का स्टैंडर्ड बन चुकी है डेढ़ फीट मोटी ये सड़क



जिम्मेदार अधिकारी



**जीके जायसवाल**
सिटी इंजीनियर नगर निगम

जिम्मेदारी
**सड़कों की गुणवत्ता का ध्यान रखना**

2018 में बनी शहर की सबसे मजबूत रोड कह सकते हैं इसकी मोटाई डेढ़ फीट है। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि इसी रोड पर नगर निगम सिटी इंजीनियर (पीडब्ल्यूडी) जीके जायसवाल का निवास है। एस्टीमेट लागत लगभग 17 लाख थी, लेकिन खर्च लगभग 23 लाख रुपए हुए थे। इस रोड की गुणवत्ता भी सामान्य सड़कों से कई बेहतर है।

भास्कर

दै. भास्कर 3/10/21

बंद एलइडी से लेकर जर्जर सड़क मुद्दा

# आंदोलन : समस्या निराकरण के लिए सोमवार को निगम का घेराव

रतलाम. शहर के वार्डों में बंद पड़ी एलइडी से लेकर जर्जर सड़क सहित अन्य मामलों को लेकर शहर कांग्रेस सोमवार को निगम का घेराव करेगी।

शहर के 49 वार्डों में से करीब 20 वार्डों में अब तक एलइडी को नगर निगम का प्रकाश विभाग सुधार नहीं पाया है। कुत्तों की बढ़ती संख्या व सीवरेज के गड्डे आमजन के लिए अंधेरों वाली सड़क पर और परेशानी बन रहे हैं। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़े नालों में करवाई गई सफाई के बाद भी घरों में पानी भरने की समस्या के बाद यह विभाग भी कांग्रेस के निशाने पर रहेगा।

ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, विजयसिंह चौहान, मोहसिन शेरानी सहित अन्य पदाधिकारी घर घर कार्यकर्ताओं को आंदोलन में आने का न्योता दे रहे हैं। बकायदा सोशल मीडिया पर भी अभियान शहर कांग्रेस ने चलाया हुआ है।

सोमवार सुबह 11 बजे शहर कांग्रेस व विभिन्न संगठन नगर निगम का घेराव करेंगे। शहर में बंद पड़ी एलइडी से लेकर जर्जर सड़क सहित अन्य मुद्दे आंदोलन का विषय है। - **महेंद्र कटारिया**, शहर कांग्रेस अध्यक्ष

पत्रिका 3/10/21

जिले में भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

# रेस्टोरेंट तथा क्लब नए आदेश के तहत 10 बजे तक खुल सकेंगे

## धार्मिक एवं सामाजिक चल समारोह प्रतिबंधित रहेंगे, विवाह समारोह तथा अंतिम यात्रा के निर्देश पूर्ववत ही रहेंगे

रतलाम ● स्वदेश समाचार

केंद्रीय गृह मंत्रालय की गाइड लाइन के तहत प्रतिबंधों को 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है। जिले में भी कलेक्टर ने धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए 31 अक्टूबर तक के लिए सम्पूर्ण राजस्व सीमा में रात्रि 11 से प्रातः 6 बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू प्रभावशील कर दिया है। समस्त रेस्टोरेंट एवं क्लब 100 प्रतिशत क्षमता से कोविड 19 प्रोटोकाल की शर्त का पालन करते हुए रात्रि 10 बजे तक खुल सकेंगे।

कोविड संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए धार्मिक, सामाजिक आयोजनों के लिए चल समारोह निकालने की अनुमति नहीं होगी। विसर्जन के लिए सामूहिक चल समारोह भी अनुमत्य नहीं होगा।

### विवाह समारोह के लिए अतिथियों की सूची सात दिन पूर्व देना होगी

जिले में विवाह आयोजन में दोनों पक्षों को मिलाकर अधिकतम 100 लोगों की उपस्थिति की ही अनुमति रहेगी। इस प्रयोजन के लिए आयोजक को संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं थाना प्रभारी को अतिथियों के नाम की सूची आयोजन से पूर्व प्रदाय करना आवश्यक होगा। इस हेतु सूची के साथ अनुमति के लिए आवेदन सात दिवस पूर्व देना होगा। समस्त सहभागियों को दो दिवस पूर्व आरटीपीसीआर अथवा आरएटी करवाना अनिवार्य होगा। अधिकतम 50 लोगों के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी।

कलेक्टर कुमार पुरुषोतम द्वारा जारी किए गए आदेश में सभी धार्मिक पूजा-स्थल खुल सकेंगे, किन्तु एक समय में छः से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे। जिम एवं फिटनेस सेन्टर 50 प्रतिशत क्षमता पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए खुल सकेंगे। समस्त खेलकूद के स्टेडियम खुल सकेंगे किन्तु खेल आयोजनों में दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे। समस्त प्रकार की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, निजी कार्यालय, शापिंग मॉल, जिम अपने नियत समय तक खुल सकेंगे। सिनेमाघर एवं थिएटर कुल क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किए जा सकेंगे।

### नवरात्रि के लिए भी दिशा-निर्देश

7 अक्टूबर नवरात्रि एवं अन्य त्योहारों के मद्देनजर जुलूस, चल समारोह आदि जिनमें अधिक मात्रा में आमजन इकट्ठे होते हैं तो वर्तमान परिवेश में कोरोना वायरस बीमारी के चलते लोगों के स्वास्थ्य एवं जान-माल को हानि पहुंचा सकते हैं। अतः इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। प्रतिमा का विसर्जन संबंधित आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। विसर्जन स्थल पर ले जाने के लिए अधिकतम 10 व्यक्तियों के समूह की अनुमति होगी। इसके लिए आयोजकों को पृथक से जिला प्रशासन से लिखित अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

### सामाजिक, राजनीतिक मेले प्रतिबंधित

जारी आदेश के अनुसार सभी सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले आदि जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, प्रतिबंधित रहेंगे। स्कूल, कॉलेज खोले जाने के सम्बन्ध में पूर्व में जारी आदेश में प्रदत्त दिशा-निर्देश यथावत प्रभावशील रहेंगे। स्वदेश

स्वदेश 3/10/21

# बापू के आत्मनिर्भर व स्वच्छता के सपने को मोदी ने साकार किया: लुनेरा

## जिले के सभी मंडलों में महात्मा गांधी एवं शास्त्री की जन्म जयंती के अवसर पर जनसेवा के कार्यक्रम आयोजित किये

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

भारतीय जनता पार्टी ने जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी मंडलों में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लालबहादुर शास्त्री की जन्म जयंती के अवसर पर जनसेवा के अनेक कार्यक्रम आयोजित किये। कार्यक्रमों मे उपस्थित पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा ने कहा कि आज देश दो महान नेताओं की जन्म जयंती मना रहा है।

बापू ने जीवन पर्यंत देश को आत्मनिर्भरता तथा स्वच्छता का संदेश दिया। बापू के संदेश को आत्मसात करते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे तेजी से कदम बढ़ा रहे है साथ ही मोदी ने स्वच्छता के लिए देशभर को कुछ इस तरह प्रेरित किया कि आज भारत दुनिया के स्वच्छ देशो की श्रेणी मे आ खडा हुआ है। शास्त्री जी ने देश को जय जवान-जय किसान का नारा दिया था। मोदी जी एक तरफ किसानों की आय 2022 तक दोगुनी करने के लक्ष्य को लेकर लगातार किसानों के हित मे क्रान्तिकारी निर्णय लेने का काम कर रहे है वहीं दूसरी तरफ हमारी सीमाओं की सुरक्षा मे तेनात सेना के जवानों को जंग के लिए अत्याधुनिक रक्षा उपकरण उपलब्ध करवा रहे है। आज हमारी सीमायें अत्यंत सुरक्षित है। दुश्मन देश हमारी और आंख उठाकर देखने की भी हिमाकत नही कर सकता। भाजपा ने बापू जयंती पर अलकापुरी चौराहा, श्री हनुमान ताल तथा महू रोड स्थित रोडवेज बस स्टेण्ड पर स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश देते हुए बापू के प्रति अपनी श्रृद्धांजली अर्पित की।

उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरुण राव ने बताया कि कार्यक्रमों के प्रभारी एवं पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं सह प्रभारी तथा जिला उपाध्यक्ष लाल बहादुर पाटीदार की देखरेख में स्वच्छता अभियान सहित जनसेवा के अनेक कार्यक्रम किये गये। स्वच्छता अभियान के पश्चात पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता शहर सराय स्थित नित्यानंद मार्केट के पीछे निवासरत बांस से घरेलू उपयोग की वस्तुएं निर्मित करने वाले कारीगरों के परिवारों के बीच पहुंचे तथा उनका पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष लुनेरा के नेतृत्व में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता डालूमोदी बाजार स्थित खादी की दुकान पर पहुंचे तथा वहां खादी से बने कपड़े खरीदकर जनता को खादी के ज्यादा से ज्यादा उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतिदिन शहर की सफाई मे संलग्न सफाईकर्मीयों का पार्टी नेताओं ने स्वागत किया। मिट्टी के आकर्षक बर्तन बनाने वाले मुन्नालाल प्रजापत, गोवर्धनलाल, रमेशलाल तथा गणेश प्रजापत का भी पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, लालबहादुर पाटीदार, बलवंत भाटी, सुनील सारस्वत, जिला मंत्री श्रीमती सोना शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, सहप्रभारी अरूण त्रिपाठी, झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजिका श्रीमती अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, कृष्णा सोनी, आदित्य डागा, मंडल उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, राजेश पांचाल, प्रकाश बंशीवाल, मंडल महामंत्री नंदकिशोर पंवार, धर्मेन्द्र देवडा, राकेश परमार, विनोद यादव, मंडल मंत्री बलराम भट्ट, मंडल मीडिया प्रभारी तन्मय त्रिवेदी, पूर्व पार्षद प्रह्लाद पटेल, पवन सोमानी, देवशंकर पांण्डे, श्रीमती सीमा टांक, श्रीमती जयश्री राठौर, दिनेश राठौड, प्रशांत कुशवाह, बंटी शर्मा, श्रीमती सारिका दिक्षित, मंगलसिंह पंवार, महेश सोलंकी, बद्रीलाल प्रजापत, राजु पंडित, श्रीमती सरोज सोलंकी सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

२/५

राज एक्सप्रेस



**नामली बायपास और बजरंगनगर में अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी**

२१५

# अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का पंजा

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

अवैध कालोनाईजरों पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने जिले के दो स्थानों पर कार्रवाई की। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने शनिवार को नामली सहित रतलाम में अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार शनिवार से शहर की अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की मुहिम शुरू हो गई है। नामली में बायपास रोड पर अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई के बाद करीब 11.30 बजे ऊंकाला रोड स्थित बजरंगनगर क्षेत्र में तेजसिंह पिता शंभूसिंह की कृषि भूमि पर काटी गई अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान तेजसिंह की कृषिभूमि पर बनाई गई बाउंड्रीवॉल, विद्युत पोल एवं सीमेंट कांक्रीट रोड को तोड़कर नष्ट किया।

सुबह नगर निगम की लोकनिर्माण विभाग की टीम के अलावा जेसीबी सहित डंपर के जिलाप्रशासन की ओर से एसडीएम अभिषेक गेहलोत व पुलिस प्रशासन की ओर से सीएसपी हेमंत चौहान सहित टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो मौके पर आसपास रहवासियों की भीड़ जमा हो गई। सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने बताया कि शहर में अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सूची में अंकित बजरंगनगर क्षेत्र की तेजसिंह पिता शंभूसिंह की कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी के निर्माण की पड़ताल के पश्चात कार्रवाई शुरू की गई। जांच में सामने आया कि रहवासी क्षेत्र के लिए कृषि भूमि पर काटी जाने वाली कॉलोनी का डायवर्शन तक नहीं किया गया। इसके अलावा टाउन एंड कंट्री प्लान विभाग सहित नगर निगम की ओर से संबंधित भूमि स्वामी तेजसिंह द्वारा अनुमति नहीं ली गई।

अग्र एक्सप्रेस 3/10/21

# अवैध निर्माण पर कार्यवाही : अवैध कॉलोनियों की बाउंड्रीवॉल गिराई, नाले से हटवाए कब्जे

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिला प्रशासन ने शनिवार से अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। रतलाम के नामली नगर परिषद क्षेत्र में बनी अवैध कॉलोनियों पर टीम ने कार्रवाई की। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई में नामली बाईपास स्थित अवैध कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल और नाले पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। अचानक से शुरू हुई प्रशासन की कार्रवाई से नामली क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले कॉलोनाइजर इकट्ठा होकर प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करने लगे। बाद में कोर्ट स्टे के कागजात दिखाए जाने पर प्रशासन ने फिलहाल कार्रवाई रोक दी।

ऊंकाला रोड क्षेत्र के बजरंग नगर में भी बिना अनुमति कृषि भूमि पर काटी गई अवैध कॉलोनी के पक्के निर्माण को प्रशासन की टीम ने जमींदोज कर दिया।



## नामली में एक दर्जन अवैध कॉलोनी

रतलाम शहर के साथ नामली नगर परिषद क्षेत्र में भी 1 दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनियां बन गई है, जिनका निर्माण नियमों के विरुद्ध बिना अनुमति लिए बनाया गया है। गौरतलब है कि नामली में अवैध कॉलोनी की सूची प्रशासन ने पहले ही तैयार कर ली थी, जिस पर आज प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की। नामली बाइपास स्थित तीन अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करने के लिए आज प्रशासन और नगर परिषद का अमला पहुंचा था। यहां एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजर द्वारा कोर्ट का स्टे लाने से कार्रवाई फिलहाल रोक दी गई है। वहीं, प्रशासनिक अधिकारी नामली की शेष अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई जारी रखने की बात कह रहे है।

## बजरंग नगर में भी कार्रवाई

नामली के साथ ही रतलाम के बजरंग नगर क्षेत्र में भी कृषि भूमि पर कट गई अवैध कॉलोनी पर प्रशासन का बुलडोजर चला है। जहां तेज सिंह पिता शंभू सिंह की कृषि भूमि पर काटी गई अवैध कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल सड़क और बिजली के पोल तोड़ कर प्रशासन ने अवैध निर्माण हटाया है।

प्रसारण

प्रसारण 3/10/21

**कार्रवाई** • चार पर चला निगम का बुलडोजर, एफआईआर दर्ज होगी

# बिना अनुमति शहर में डेवलप हो रहीं 16 अवैध कॉलोनियां चिह्नित

भास्कर संवाददाता | रतलाम

भास्कर

तमाम सख्ती के बावजूद अफसरों की आंखों में धूल झोंककर भूमाफिया और जमीन मालिक धड़ल्ले से अवैध कॉलोनियां बसाते जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की सख्ती के बाद नगर निगम के इंजीनियरों ने सर्वे किया तो 16 नाम सामने आ गए। शनिवार को ऐसी ही ऊंकाला रोड, बजरंग नगर, अर्जुननगर की चार जमीनों पर किया जा रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटा दिया है। बाकी की 12 कॉलोनियों पर जल्द निगम का बुलडोजर चलेगा। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कॉलोनी विकास की अनुमति के बिना अवैध रूप से कॉलोनी डवलप करने पर नगर पालिका नियम 1998 के तहत अवैध कॉलोनाइजेशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## कहां-कहां हुई कार्रवाई

**पहली**- ऊंकाला रोड़ पर तेजसिंह पिता शंभूसिंह धबाई निवासी धबाईजी का वास ऊंकाला रोड़ा तरफ अवैध कॉलोनी बना रहा था। 2 किमी सीसी की सड़क बना ली थी। पोल गाड़ दिए थे। कुछ पुराने मकान थे, तो एक मकान नया बन रहा था। सभी को जेसीबी की सहायता से हटाकर पंचनामा बनाया।

**दूसरी**- अर्जुन नगर में फिरोज टीनवाला पिता मोहम्मद हुसैन ने अवैध कॉलोनी बनाते हुए 1 किमी डब्ल्यूबीएम सड़क, ड्रेनेज चैंबर बना दिए थे। पोल भी गड़े थे, सभी को तोड़ दिया।

**तीसरी** - दिलीप नगर निवासी कमला पिता समरथमल चौपड़ा ने बिना अनुमति कॉलोनी बना सड़क सहित अन्य निर्माण करवा रहे थे। सभी को हटाया।

**चौथी** - ऊंकाला रोड पर निजी जमीन पर पोल गढ़े देख अधिकारी रुके। पूछताछ करने पर मालिक का पता नहीं चला तो अमले ने पोल हटवा दिए।

## पल्दुना फंटे पर बन रही अवैध बाउंड्रीवॉल और सड़क तोड़ी

**नामली** | शनिवार को प्रशासनिक अमले ने पल्दुना फंटे पर बन रही अवैध कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल और सड़क को तोड़ दिया। अधिकारी आए तो तीन कॉलोनियों पर कार्रवाई करने थे, लेकिन दो के कॉलोनाइजरों ने दस्तावेज दिखा दिए। अफसर पल्दुना फंटे पहुंचे लगभग दो घंटे कार्रवाई करते हुए अवैध कॉलोनी का निर्माण हटाया। प्रशासन ने तीन बार कॉलोनाइजर को नोटिस दिया था। अतिक्रमण हटाते समय कॉलोनाइजरों व स्थानीय नेताओं ने विरोध किया लेकिन प्रशासनिक सख्ती के आगे उनकी एक न चली। कांग्रेस नेता और अधिकारियों के बीच बहस हुई। कांग्रेसी बोले हाईकोर्ट की पीडीएफ को सभी मान रहे हैं। अधिकारियों बोले सर्टिफाइड कॉपी चाहिए। इस पर कांग्रेसी बोले वह 15 दिन बाद मिलेगी तो तोड़फोड़ की नुकसान की भरपाई कौन करेगा।

दै. भास्कर 3/10/21

# जिले में रात्रि 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक नाईट कर्फ्यू प्रभावी रहेगा, प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। आगामी 31 अक्टूबर की प्रात 6.00 बजे तक के लिए लागू प्रतिबंधात्मक आदेशों के तहत रतलाम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में रात्रि 11 बजे से प्रात: 6 बजे तक नाईट कर्फ्यू प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार सभी सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले आदि जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, प्रतिबंधित रहेंगे। स्कूल, कालेज खोले जाने के सम्बन्ध में पूर्व में जारी आदेश में प्रदत्त दिशा-निर्देश यथावत प्रभावशील रहेंगे। सभी धार्मिक, पूजा स्थल खुल सकेंगे किन्तु एक समय में 06 से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे तथा उपस्थितजनों को कोविड प्रोटोकाल का पालन करना बंधनकारी होगा। समस्त प्रकार की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, निजी कार्यालय, शापिंग माल, जिम अपने नियत समय तक खुल सकेंगे। सिनेमाघर एवं थिएटर कुल क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किए जा सकेंगे। सिनेमाघर संचालक को कोविड 19 प्रोटोकाल का पालन करना सुनिश्चित करना होगा। समस्त वृहद, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग अपनी पूर्ण क्षमता पर कार्य कर सकेंगे तथा निर्माण गतिविधियां सतत् चल सकेंगी। जिम एवं फिटनेस सेन्टर 50 प्रतिशत क्षमता पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए खुल सकेंगे। समस्त खेलकूद के स्टेडियम खुल सकेंगे किन्तु खेल आयोजनों में दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे।

प्रसारण 3/10/21

शहर के साथ नामली में निर्माणाधीन कॉलोनी पर चली जेसीबी

# बिना अनुमति निर्माण पर सुबह 6 बजे पहुंचा अमला, जेसीबी से ढहाया निर्माण

पत्रिका
बिग इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम/ नामली. कॉलोनाइजर द्वारा नियमों के विपरीत अवैध निर्माण की शिकायत पर प्रशासन और पुलिस का अमला सुबह 6 बजे ही नामली में कार्रवाई के लिए पहुंच गया। टीम ने यहां तीन कॉलोनियों को देखा लेकिन एक में गड़बड़ी नजर आने पर जेसीबी से बिना अनुमति का निर्माण गिरा दिया गया। इसके साथ ही एक अन्य कार्रवाई रतलाम शहर में बजरंग नगर के पास देखने को मिली। नगर निगम और प्रशासन की टीम ने यहां भी बिना अनुमति कॉलोनी के निर्माण पर जेसीबी चलवा दी।

प्रशासन ने नामली क्षेत्र में कार्रवाई भी इतनी आनन-फानन में की है कि किसी को इस बात की भनक भी नहीं पड़ी। दरअसल प्रशासनिक अमला रतलाम से पुलिस टीम को साथ लेकर सुबह 6 करीब पहुंच गया। कुछ लोग सुबह घूमने निकले थे तो कई लोगों की नींद भी नहीं खुली थी कि टीम कार्रवाई के लिए पहुंच गई। थोड़ी ही देर में एक के बाद एक प्रशासन की गाड़ियां पहुंची तो कोई कुछ समझ नहीं पाया की आखिर मामला क्या है।

## बाद में पहुंचे स्थानीय अधिकारी

रतलाम की तरफ से प्रशासनिक अधिकारियों के वाहनों के काफिले का जमावड़ा फोरलेन स्थित हरदेश्वर महादेव मंदिर के पास आकर खड़ा हो गया और उसे देख किसी को भी कुछ समझ नहीं आ रहा था कि यह सब यहां क्यो आए है। दरअसल इस दौरान स्थानीय कोई अधिकारी इनके साथ नजर नहीं आ रहा था। जिन लोगों की इन पर नजर पड़ी वह सोच रहे थे कि आखिर ऐसा क्या हो गया जो यहां पर बाहर से पुलिस और प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी आए है।

## नामली में टीम पहुंची और जेसीबी से गिरा अवैध निर्माण



अधिकारी टीम के साथ नामली की एक निर्माणाधीन कॉलोनी में जेसीबी के साथ पहुंचे और निर्माणाधीन कॉलोनी की बाउंड्री को जेसीबी से गिराना शुरू कर दिया। इस बात की जानकारी सुबह करीब 8 बजे तक स्थानीय भाजपा व कांग्रेस सहित विभिन्न संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मिली तो वे मौके पर पहुंचे और प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाने लगे। दोनों ही राजनीतिक दल के लोगों ने अभिभावक दिनेश तलवाड़िया को मौके पर बुलवाया व उनके द्वारा कोर्ट के स्टे ऑर्डर की प्रति लिपी दिखाई जा रही थी।

### नहीं सुनी किसी की

प्रशासन द्वारा किसी की भी नहीं सुनी गई और बाउंड्री को यह कहते हुए तोड़ा गया कि जिला प्रशासन के पास पिछले कई दिनों से नामली में अवैध कालोनियों को लेकर शिकायत मिल रही थी जिस पर जिला कलेक्टर के आदेश पर विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर जांच पड़ताल कर रहे थे, उसी के चलते नामली में निर्माणाधीन तीन कालोनियों में शासकीय जमीन पर निर्माण होने की बात सामने आई थी।

### कार्रवाई से अन्य कॉलोनाइजर सकते में

रतलाम से प्रशासन की टीम नामली पहुंची तो दो कॉलो नाईजर के पास तो प्रमाणित दस्तावेज पाए गए एक कॉलोनी के मालिक के पास जो दस्तावेज उनके अभिभावक द्वारा बताए गए उससे प्रशासनिक अधिकारी असंतुष्ट हुए और जेसीबी के माध्यम से एक कॉलोनी की बाउंड्री को पूरी तरह तोड़ दिया गया। अचानक सुबह हुई कार्रवाई से नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के कॉलोनाइजर में हड़कंप मच गया है।

### यह रहे मौजूद

कार्रवाई में रतलाम शहर व ग्रामीण एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, रतलाम ग्रामीण तहसीलदार अनीता चकोटिया, नामली तहसीलदार रमेशचंद्र मसोरे, पटवारी जितेंद्र अवस्थी सहित राजस्व व पुलिस विभाग के 20 से अधिक अधिकारियों व करीब 30 कर्मचारियों की टीम मौके पर थी।

### शहर में भी की कार्रवाई

प्रशासन और निगम की टीम ने रतलाम शहर में भी बजरंग नगर क्षेत्र की तेजसिंह की कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी के निर्माण की पड़ताल के बाद कार्रवाई की। जेसीबी के माध्यम से बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्य को गिरा दिया गया। एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान सहित टीम मौजूद रही।

### शिकायत पर की कार्रवाई

प्रशासन ने पूरी तरह निष्पक्ष कार्रवाई की है, पूर्व में कई बार नामली में कॉलोनाइजर के खिलाफ जिला प्रशासन को शिकायतें मिल रही थी, कलेक्टर के निर्देश पर जांच पड़ताल कर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है, मामले में और भी तीन से चार जगह अवैध कालोनियों की जानकारी मिली है, उसकी भी जांच चल रही है। यदि वहां पर भी शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**- अभिषेक गेहलोत,**
एसडीएम

कोरोना से जंग: एक और मील का पत्थर

# टीकाकरण में भारत 90 करोड़ पार, मध्यप्रदेश तीसरे पायदान पर पहुंचा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली/भोपाल.** कोरोना के खिलाफ जंग में भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की है। देश ने टीकाकरण में 90 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने ट्वीट किया, 'शास्त्रीजी ने 'जय जवान-जय किसान' का नारा दिया था। अटल जी ने 'जय विज्ञान' जोड़ा और मोदी जी ने 'जय अनुसंधान' का नारा दिया। कोरोना वैक्सीन अनुसंधान का परिणाम है।' देश में 16 जनवरी से दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू हुआ था। केंद्रीय स्वास्थ्य-परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक प्रतिदिन औसतन 60 लाख टीके लगाए जा रहे हैं। टीकाकरण में उप्र सबसे आगे है। वहां 10.88 करोड़ डोज दी जा चुकी है। महाराष्ट्र (8.27 करोड़) और मध्य प्रदेश (6.39 करोड़) क्रमशः दूसरे-तीसरे नंबर पर हैं।

## प्रदेश में 7 माह में 1.5 करोड़ को दोनों डोज



मार्च से अब तक करीब सात महीने में मध्यप्रदेश में 1.5 करोड़ लोगों को दोनों टीके लगे चुके हैं। हालांकि टीकाकरण इसी गति से चला तो पूरी आबादी को दोनों खुराक देने में करीब एक साल का समय और लगेगा। अगर सरकार हर महीने एक करोड़ लोगों को दूसरा डोज लगाने का लक्ष्य रखती है तो भी सात-आठ महीने लगेंगे। वैक्सीनेशन डैश बोर्ड देखें तो दोनों खुराक देने में देश में मप्र सातवें नम्बर पर है। पहले नंबर पर महाराष्ट्र, दूसरे पर उत्तर प्रदेश और तीसरे पायदान पर गुजरात है। जबकि पहले डोज लगवाने वालों की संख्या देखी जाए तो मप्र तीसरे नंबर पर है।

## अमरीका में 7 लाख मौतें



अमरीका में कोरोना से मौतों का आंकड़ा सात लाख के पार पहुंच गया है। तीसरी लहर का सामना कर रहे इस देश में टीकाकरण के बावजूद एक हफ्ते में हर दिन दो हजार लोगों की मौत हुई। कोरोना केस और मौतों के मामले में अमरीका दुनिया में पहले स्थान पर है। दुनियाभर के 19% केस और 14% मौतें अमरीका में हुई हैं।

पत्रिका।
पत्रिका 3/10/21

# जगह-जगह श्वानों के झूंड से राहगीर परेशान

रतलाम ● स्वदेश समाचार
अखबारों में सुर्खियों में रतलाम में श्वानों (कुत्तों) का आतंक चर्चा का विषय रहा, लेकिन उसके बावजूद भी निगम प्रशासन ने कोई उपाय नहीं किया केवल आश्वासन ही दिए, जिसका कारण है कि शहर में श्वानों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है और श्वानों के काटने की घटनाएं भी बढ़ रही है, लेकिन तो जिला प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है और ना ही निगम प्रशासन।

स्वयं शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाया था तब कलेक्टर ने भी निगमायुक्त को निर्देशित करते हुए कहा था कि शहर में श्वानों के विचरण की शिकायतें आ रही है। इस पर तत्काल गौर कर निराकरण किया जाए। तब सदस्यों ने कहा था कि गली-मोहल्लों में श्वानों का आतंक तेजी से बढ़ रहा है, इनकी धरपकड़ की जाना चाहिए, तब आयुक्त ने आश्वासन भी दिया था लेकिन वह आश्वासन आज तक पूरा नहीं हुआ।

सामाजिक कार्यकर्ता श्री वर्मा ने बताया कि पुराने कलेक्टोरेट गुलाब चक्कर परिसर क्षेत्र में आवारा श्वानों की अत्यधिक संख्या है। लोग कालिका माता मंदिर के दर्शन करने जाते है तो उन्हें श्वान काटने का भय बना रहता है। प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक श्वानों का जमावड़ा यहां देखा जा सकता है। कुछ माह पूर्व कस्तूरबा नगर क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली पद्मश्री लीला जोशी को भी एक दर्जन से अधिक श्वानों ने घेर लिया था और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा था। इसी प्रकार की घटनाएं नगर के विभिन्न इलाकों में घटित हो रही है। जिला प्रशासन व नगर निगम रतलाम जल्द-से-जल्द ठोस कदम उठाए और आवारा श्वानों को शहर से दूर सकुशल छोड़ा जाए, जिससे लोगों में श्वानों का भय दूर हो सके।

स्वदेश

स्वदेश 3/10/21

प्रसारण

## भवन निर्माण सामग्री फैलाने व गंदगी करने पर 8 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोतम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 30 सितम्बर को 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने व खुले में गंदगी करने पर महावीर कटारिया भगतपुरी पर 5000, प्लास्टिक हाउस माणक चौक, मिठाईवाला त्रिपोलिया गेट पर 500-500, अश्विन, राकेश त्रिपोलिया गेट, मित्र निवास रोड पर चाय वाला व कपड़े वाले पर 250-250, रकीब त्रिपोलिया गेट पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

प्रसारण 3/10/21

## नो पार्किंग में खड़े 5 वाहनों जब्त, जुर्माना वसूला

नवभारत

रतलाम। शुक्रवार को नो पार्किंग में खड़े 5 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला गया। दल ने गुमानसिंह-लालू नाहरपुरा व धर्मेन्द्र कोठारी डालू मोदी बाजार पर 500-500, अंतिम-ओंकार पाटीदार धानमण्डी, वैभव मूणत, अर्पित मेघवंशी चांदनी चौक पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया।

नवभारत 3/10/21

### जल जीवन मिशन ऐप...

## मोदी बोले, पानी को प्रसाद की तरह करना होगा इस्तेमाल



पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

**नई दिल्ली.** गांधी जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देशभर की ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य सिर्फ लोगों तक पानी पहुंचाने का ही नहीं है, बल्कि इसका आधार जनआंदोलन और जनभागीदारी है। यह विकेंद्रीकरण का भी बड़ा आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पानी को बचाने के लिए हमें अपनी आदतें बदलनी होंगी। पानी को प्रसाद की तरह इस्तेमाल करना होगा। इसके लिए देश के हर नागरिक को ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने होंगे। पीएम ने जल जीवन मिशन मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया।

### प्रधानमंत्री ने लांच किया जल जीवन मिशन एप

# जल संरक्षण को जीवन का मंत्र बनाने की जरूरत-मोदी

नई दिल्ली ● 2 अक्टूबर (ए)
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जल संरक्षण के महत्व को समझने का हर नागरिक से आग्रह करते हुए कहा है कि जल जीवन का आधार है, इसलिए जल की बर्बादी रोकने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास किए जाने की जरूरत है।

श्री मोदी ने शनिवार को यहां जल जीवन मिशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में जल जीवन मिशन ऐप लांच किया और कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता देश के ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर को नल से जल पहुंचाना है। उनका कहना था कि गांव की महिलाएं हर दिन कई किलोमीटर दूर जाकर पोखरों और नदियों से पानी लाती हैं, इस पर आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन उन्होंने जो जल जीवन मिशन शुरू किया है, उससे गांव के इन लोगों का जीवन बहुत आसान हो जाएगा।

■ **पानी समितियों का गठन किया**- प्रधानमंत्री ने कहा कि हर गांव को जल जीवन मिशन का लाभ मिले, इसके लिए जल जीवन मिशन के साथ ही पानी समितियों का गठन किया गया है। हर घर को नल से जल पहुंचाने के साथ ही गांव की बावड़ियां को भी पुनर्जीवित किया जा रहा है। यही नहीं, उनकी सरकार ने देश के गांव-गांव को जल और स्वच्छता से जोड़ने के लिए दो लाख करोड़ से ज्यादा पैसा ग्राम पंचायतों को पहचानकर ग्राम स्वराज की गांधीजी के सपनों को साकार करने का काम किया है।



### 2024 तक 5 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचेगा

श्री मोदी ने कहा कि 2019 में उन्होंने जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी और तब देश में सिर्फ तीन करोड़ घरों में ही नल से जल की सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन आज 5 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया जा रहा है और 2024 तक इस मिशन को पूरा कर देश की सभी ग्रामीण क्षेत्रो के हर घर को नल से जल उपलब्ध कराया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि जल जीवन मिशन से ग्रामीणों का जीवन आसान होगा और उनके बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे महिलाओं का जीवन सरल हो जाएगा। गांव में लोगो को स्वछ जल मिलेगा तो बीमारियां हावी नहीं होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मज़बूती आएगी।

■ **एप में पानी गुणवत्ता की जानकारी होगी**-उन्होंने कहा कि जल मिशन एप जारी किया गया है। इससे जल मिशन से जुड़ी सारी जानकारियां उपलब्ध हो सकेंगी और यहां तक पानी की गुणवत्ता की जानकारी भी इस एप में होगी। एप में गांव में जल से नल पहुंचाने संबंधी पूरी पूरा विवरण उपलब्ध होगा। स्वदेश

स्वदेश 3/10/21

पीएम मोदी के जन्मदिन का सेवा पखवाड़ा हुआ समाप्त

# बापू के आत्मनिर्भर एवं स्वच्छता के सपने को किया साकार

पत्रिका सिटी इवेंट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. भाजपा ने जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी मंडलों में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जन्म जयंती के अवसर पर जनसेवा के अनेक आयोजन शनिवार को आयोजित किये। इसी के साथ भाजपा द्वारा 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चलाए गए सेवा पखवाड़े का समापन हो गया।

मीडिया प्रभारी अरुण राव ने बताया जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने कहा कि देश दो महान नेताओं की जन्म जयंती मना रहा है। बापू ने जीवन पर्यंत देश को आत्मनिर्भरता तथा स्वच्छता का संदेश दिया। पूर्व पीएम शास्त्री ने देश को जय जवान-जय किसान का नारा दिया था।

## यहां हुए आयोजन

भाजपा ने बापू जयंती पर अलकापुरी चौराहा, श्री हनुमान ताल तथा महू रोड स्थित कुशाभाऊ ठाकरे बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश देते हुए बापू के प्रति अपनी श्रृद्धांजली अर्पित की। स्वच्छता अभियान के पश्चात पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता शहर सराय स्थित नित्यानंद मार्केट के पीछे निवासरत बांस से घरेलू उपयोग की वस्तुएं निर्मित करने वाले कारीगरों के परिवारों के बीच पहुंचे तथा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

## यहां किया गया स्वागत

इस अवसर पर प्रतिदिन शहर की सफाई मे संलग्न सफाईकर्मीयों का पार्टी नेताओं ने स्वागत किया। मिट्टी के आकर्षक बर्तन बनाने वाले मुन्नालाल प्रजापत, गोवर्धनलाल, रमेशलाल तथा गणेश प्रजापत का भी पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, बलवंत भाटी, सुनील सारस्वत, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला मीडिया सहप्रभारी अरुण त्रिपाठी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजिका अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, कृष्णा सोनी, आदित्य डागा आदि उपस्थित थे।

पत्रिका 3/10/21

पत्रिका

निगम ने पूरे शहर में दिया स्वच्छता का संदेश

# स्वच्छता को अपनाए, दूसरों के लिए गंदगी न फैलाएं



**रतलाम** महात्मा गांधी ने सदैव समग्र स्वच्छता की पैरोकारी की और सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए इसे आवश्यक बताया। गांधी ने हमें यह दायित्व-बोध करवाया कि हम दूसरों के लिए गंदगी न फैलाएं। खुद जो गंदगी फैलाएं, उसकी सफाई भी स्वयं करें। इसमें ऊँच-नीच का भेदभाव नहीं होना चाहिए।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव के छठवे दिन व 2 अक्टूबर को स्वच्छता से जडे विभिन्न गतिविधियों के दौरान उक्त विचार निगम आयुक्त झारिया ने व्यक्त किए। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द प्रताप सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी का कहना था कि साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखना किसी एक तबके का काम नही है, इसमें सभी की भागीदारी होना चाहिए। समारोह में नगर की सफाई व्यवस्था से जुड़े और स्वच्छता बनाए रखने वाले सफाई मित्रों का सम्मान शाल,श्रीफल,प्रमाण पत्र और साफा बांधकर किया गया। जितेन्द्र, अफसार अब्बासी, दिलीप पैमाल, अ.वहाब, चंदन तंवर, कुंदन धुलिया, शरतचन्द्र खरे, मोनिका चौहान, कृष्णा देसाई, कमल, हेमन्त, लखन सुल्तान, गुलाबचन्द्र, बज्रमोहन खरे,विजय खरे, मंजूबाई, देवकन्या, सादिक, मुकेश बैरागी, शुभम पैमाल, आन्नद अनिल चनाल,राकेश दुलीचन्द्र,सतीश खरे और स्वच्छता के इस अमृत महोत्सव में सहयोगी संस्था के राजा ठाकुर और दिव्या पाटीदार का सम्मान किया गया।

पत्रिका 3/10/21

# सफाई कर्मचारी एवं कोरोना योद्धाओं का सम्मान कर अल्पसंख्यक मोर्चे ने मनाई गांधी जयंती



**रतलाम।** महात्मा गांधी का जन्मदिन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रफत वारसी के निर्देशानुसार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा के नेतृत्व मे सफाई कर्मचारियों तथा कोरोना योद्धाओं का सम्मान कर मनाया गया। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरूण राव ने बताया कि इस अवसर पर कोरोना योद्धाओं और सफाई कर्मचारीयो को साड़ीया, पेंट-शर्ट के कपड़े वितरित किये गये साथ ही उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हे मेडल भी प्रदान किये गये। मोर्चे के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, जिला मंत्री श्रीमती सोना शर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रदेश सह-संयोजिका श्रीमती अनिता कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष करण धीर बड़गोत्या, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक प्रभु सोलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता इनायत बाबा, सुरेखा दीदी, प्रो इमरान हुसैन, वाजिद बॉबी, हमीद खान, इलियास अहमद कुरैशी, रियाज पासपोर्ट, इलियास मिनर्वा, इलियास बेलिम, मशरूफ शेरानी, असगर शेरानी, शेख वजीर, वाजिद खान, रईस कुरैशी, इमरान खान, फैयाज भाई, युसूफ मेव एवं अजहर मंसूरी भी उपस्थित थे। शेरानी पुरा कब्रिस्तान मे पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी इब्राहिम शेरानी ने दिया कार्यक्रम का संचालन मोर्चा जिला महामंत्री मंसूर जमादार ने एवं आभार मोर्चे के मंडल उपाध्यक्ष मुबारिक शेरानी ने माना।

प्रसारण 3/10/21

**मुख्यमंत्री चौहान ने मिंटो हॉल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया**

# स्वच्छता के आग्रही थे बापू, प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को जन-जन का आंदोलन बनाया



भोपाल ● 2 अक्टूबर (ब्यूरो) मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि गांधीजी भारत की आत्मा हैं, उनके विचार भारत के विचार हैं, जो भौतिकता की अग्नि में दग्ध मानवता को शांति का दिग्दर्शन कराते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांधीजी के रास्ते पर चलकर सरकार चला रहे हैं। स्वच्छता के लिए बापू सदैव आग्रह करते थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ही स्वच्छता को जन-जन का आंदोलन बनाया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गांधीजी के विचारों को लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा की जा सकती है। उनके विचारों पर ही जो सबसे पीछे है, गरीब और दरिद्र है, उनके कल्याण की योजनाएं बनी हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आज हम संकल्प करें कि केंद्र और राज्य द्वारा अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं को पूरी प्रमाणिकता के साथ उन तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गांधी जयंती के अवसर पर मिंटो हॉल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गांधीजी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वे हमारे विचारों, कर्म और आचरण में विद्यमान हैं। वे हमारे सेवा और समर्पण के कार्यों में जीवित हैं। उनके द्वारा दिखाया गया रास्ता आज भी देश और दुनिया के लिए प्रासंगिक है। यह हमें दिशा दिखाता रहेगा। स्वदेश।

स्वदेश 3/10/21